NJ FAMILYCARE Affordable health coverage. Quality care. स्वास्थ्य प्लान

| एच एम ओ (HMO) काउंटी के अनुसार प्लान | अटलांटिक | बर्गन | बर्लिंगटन | कैमडेन | केप मे | कंबरलैंड | एसेक्स | ग्लूसेस्टर | हडसन | हंटरडन | मर्सर | मिडलसेक्स | मॉनमाउथ | मॉरिस | ओशियन | पास्सैक | सालेम | समरसेट | ससेक्स | यूनियन | वॉरेन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न्यू जर्सी के Aetna Better Health® | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| Fidelis Care | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| Horizon NJ Health | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| UnitedHealthcare | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| Wellpoint | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |

aetna™ Aetna Better Health® of New Jersey

सभी काउंटीज़ में उपलब्ध

## Aetna Better Health® 1-855-232-3596 • TTY 711 (24/7) www.aetnabetterhealth.com/nj

**Aetna Better Health के साथ अधिक सुविधाएं प्राप्त करें**

*लाभ, रिवाईस, और प्लान अनुलाभ, जिनसे आप वंचित नहीं रहना चाहेंगे*

- शीर्ष, स्थानीय प्रदाताओं की एक्सेस प्राप्त करें - <u>किसी रैफ़रल की ज़रूरत नहीं है</u>
- व्यापक दंत चिकित्सा देखभाल और विज़न देखभाल,
- कल्याण जांच,
- मातृत्व देखभाल* (देखभाल प्रबंधन, डौला (Doula) सेवाएँ, स्तनपान आपूर्तियां और सहायता), और
- फ़ार्मेसी सेवाएँ*

**कुछ NJ FamilyCare सदस्यों के लिए सह-भुगतान लागू हो सकते हैं*

**पूरे परिवार के लिए Dental Home Program (डेंटल होम प्रोग्राम)**

अब हमारे पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोग्राम है कि आपके और आपके परिवार के लिए प्राथमिक देखभाल दंत चिकित्सक (PCD) और डेंटल होम उपलब्ध रहता है, जो सभी उम्र के लोगों के लिए मान्य है।

**Better Health के लिए समीपवर्ती उपलब्धता**

निम्नलिखित के बारे में सहायता के लिए नेवार्क, न्यू जर्सी में Healthcare Central (हेल्थकेयर सेंट्रल) में हमसे मुलाकात करें:

- NJ FamilyCare के लिए साइन अप करना
- प्रदाता खोजना
- NJ FamilyCare नवीकरण प्रक्रिया को समझना
- अपने Aetna Better Health लाभों को समझना

हर महीने हम स्वस्थ फूड गिवअवे और मुफ्त लॉन्ड्री डे आयोजित करते हैं!

**स्वास्थ्य सलाह के लिए 24/7 नर्स लाइन की एक्सेस**

1-855-232-3596 (TTY: 711) कॉल करें और 4 दबाएँ। सहायता के लिए नर्से हमेशा तत्पर रहती हैं।

**स्वास्थ्य और कल्याण के लिए रिवाईस अर्जित करें**

हमारे प्रोत्साहन प्रोग्राम के अंतर्गत पात्र स्वास्थ्य स्क्रीनिंग को पूरा करने के लिए सदस्यों को रिवाईस दिए जाते हैं, जैसे:

- **वेल चाइल्ड विज़िट** (उम्र 3-21)
- **मैमोग्राम** - स्तन कैंसर स्क्रीनिंग (हर साल 40 से 74 वर्ष की आयु तक) और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विकल) कैंसर स्क्रीनिंग (पैप जांच) (20 साल की उम्र से शुरू)
- **लीड स्क्रीनिंग** (उम्र 0-6)
- **प्रसवोत्तर देखभाल** (आपके शिशु के जन्म के 7-84 दिन बाद। सी-सेक्शन के लिए दो मुलाकातें करनी पड़ सकती हैं)

प्रोग्राम के बारे में अधिक जानने के लिए मेम्बर सर्विसेज़ को कॉल करें।

*प्रोग्राम के लिए पात्र होने के लिए एक वर्ष के लिए Aetna Better Health सदस्य होना ज़रूरी है।*

***जब आप स्वास्थ्य के बारे में विचार करते हैं, तो हमें सर्वप्रथम वरीयता दें***

FIDELIS CARE®

सिवाए हंटरडन के, सभी काउंटी में उपलब्ध

## Fidelis Care 1-888-453-2534 • TTY 711 www.fideliscarenj.com

**आपको प्राथमिकता देना:** Fidelis Care (फ़िडेलिस केयर) में, हम आपको और आपके परिवार को प्राथमिकता देते हैं। इसके मायने हैं कि आपको वह देखभाल और सेवाएं मिलती हैं, जिनकी आपको स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए ज़रूरत होती है।

**किसी रैफ़रल की ज़रूरत नहीं है:** आप बिना रैफ़रल के हमारे नेटवर्क में किसी भी विशेषज्ञ से मुलाकात कर सकते हैं।

**My HealthPays रिवाईस प्रोग्राम:** जब आप सामान्य वार्षिक चेकअप जैसी स्वास्थ्य गतिविधियों को पूरा करते हैं, तो आप उपहार कार्ड के माध्यम से रिवार्ड डॉलर कमा सकते हैं।

**प्रसवपूर्व रिवाईस प्रोग्राम:** यह प्रोग्राम हमारी भावी माताओं को स्वस्थ रहने और अपनी गर्भावस्था के दौरान चिकित्सक के साथ अपनी सभी मुलाकातों में जाने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। प्रोग्राम को पूरा करने वाले सदस्य मुफ्त उपहार प्राप्त कर सकते हैं।

**24-घंटे नर्स सलाह लाइन:** सभी सदस्य, पंजीकृत नर्सों से दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन, वर्ष के हर दिन चिकित्सा सलाह प्राप्त करने के लिए उन्हें कॉल कर सकते हैं।

**चिकित्सक (प्रदाता) सेवाएँ:**

- **PCP:** प्रत्येक सदस्य को देखभाल प्रदान करने या उनके लिए विशेषज्ञ से मिलने की व्यवस्था करने के लिए प्रदाता की सुविधा प्रदान की जाती है।
- **प्रिस्क्रिप्शन:** आपके प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली दवा के लिए कवरेज।

**सदस्य सहायता:**

- डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट्स, सामाजिक सेवाओं आदि की व्यवस्था करने के लिए व्यक्तिगत सहायता।
- अनुरोध किए जाने पर समस्त सामग्री अंग्रेजी, स्पेनिश और अन्य भाषाओं में उपलब्ध है।
- उन सदस्यों के लिए अनुवाद सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनको सुनने संबंधी समस्याएं हैं, या जो अंग्रेजी के अलावा कोई दूसरी भाषा बोलते हैं।

**सामुदायिक संसाधन:** हमारी समर्पित CommUnity (सामुदायिक) सहायता लाइन आपको स्थानीय, समुदाय-आधारित सेवाओं जैसे भोजन, परिवहन, शिशु-देखभाल आदि से जोड़ती है।

**देखभाल प्रबंधन:** हम बच्चों और वयस्कों के लिए लक्षित देखभाल प्रबंधन प्रोग्राम प्रस्तुत करते हैं। कुछ प्रोग्रामों में निम्नलिखित शामिल हैं:

• **अस्थमा** • **डायबिटीज़** • **एचआईवी/एड्स** • **उच्च जोखिम गर्भावस्था**

देखभाल प्रबंधकों को सदस्यों, उनके परिवार की सहायता के लिए प्रशिक्षित किया जाता है और उनके PCP ऐसी सेवाओं (अत्यधिक विशिष्ट देखभाल के लिए विशेष देखभाल सुविधाओं के रैफ़रल सहित) की व्यवस्था करते हैं जिनकी बीमारियों का प्रबंधन करने की जरूरत हो सकती है। स्वास्थ्य देखभाल प्लान चुनना बड़ा निर्णय होता है, और हम चाहते हैं कि आपको उन तथ्यों की जानकारी हो, जिनके आधार पर आप अपने लिए सही विकल्प चुन सकते हैं।

NJBHC-HMO-HIN-0424

सभी काउंटीज़ में उपलब्ध

**Horizon NJ Health** | **1-800-682-9090 • TTY 711** | **www.horizonnjhealth.com**

### आप और आपके परिवार को स्वस्थ रखना:

न्यू जर्सी के Horizon Blue Cross Blue Shield की तरफ से एकमात्र NJ FamilyCare प्लान। हम आपके होमटाउन स्वास्थ्य प्लान हैं। Horizon NJ Health से वे लाभ प्राप्त करें, जिनकी आपके परिवार को आवश्यकता है।

- न्यू जर्सी में **सबसे बड़े प्रदाता नेटवर्क में से एक- 20,000 से अधिक डॉक्टरों** में से चयन की सुविधा
- अपने दंत चिकित्सक, प्रसूति रोग विशेषज्ञ से मुलाकात करने, मैमोग्राम तय करने या आंखों की सामान्य देखभाल के लिए **किसी रैफ़रल की ज़रूरत नहीं है**
- **कॉन्टैक्ट लेंस और चश्मे के लिए कवरेज** और साथ ही अन्य विज़न लाभ भी उपलब्ध हैं
- **आपके डॉक्टर द्वारा लिखे गए प्रिस्क्रिप्शन** और साथ ही कुछ बिना प्रिस्क्रिप्शन की दवा की कवरेज भी उपलब्ध है
- आपके चिकित्सा प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **नर्स हेल्पलाइन**, और आपके प्लान के बारे में आपके प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सदस्य सेवा हेल्पलाइन**, जो आपको **सप्ताह में सात दिन, दिन में 24 घंटे उपलब्ध रहती है**

### आपके और आपके परिवार पर केंद्रित अतिरिक्त स्वास्थ्य सहायता प्रोग्राम:

- **प्रबंधित दीर्घकालिक सेवाएं एवं सहायता (MLTSS) प्रोग्राम**
  उन लोगों के लिए, जिन्हें अपने घरों में रहने के लिए घर और व्यक्तिगत देखभाल जैसी स्वास्थ्य और दीर्घकालिक देखभाल सेवाओं की ज़रूरत होती है
- आपको प्रसव से लेकर आपके बच्चे के पहले 60 दिन तक हर प्रकार की सहायता के लिए **स्वस्थ गर्भावस्था प्रोग्राम**। सामान्य प्रसूति मुलाकातें, देखभाल प्रबंधन सेवाएं, पोषण संबंधी सलाह और स्तनपान सहायता प्राप्त करें
- हमारे सदस्यों की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने के सहायता के लिए **विशेष ज़रूरत वाले सदस्यों के लिए देखभाल प्रबंधक उपलब्ध हैं**
- **Horizon Neighbors in Health** बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण की आपकी यात्रा के दौरान आपकी सहायता के लिए समुदाय और स्वास्थ्य संसाधनों से जोड़ता है
- **Education Works (शिक्षा कार्य) से** आपको अपने हाई स्कूल समकक्षता डिप्लोमा को प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। हम आपको अपना हाई स्कूल डिप्लोमा प्राप्त करने में सहायता के लिए कस्टम प्लान उपलब्ध कराएंगे, जो आपके जीवन के लिए उपयुक्त है। सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आपके लिए मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा।

आपके परिवार के अच्छे स्वास्थ्य से ज़्यादा हमारे लिए कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। जब आपको हमारी सबसे अधिक ज़रूरत होती है, तब हम आपके लिए उपलब्ध होते हैं।

NJ FAMILYCARE Affordable health coverage. Quality care. स्वास्थ्य प्लान

United Healthcare Community Plan

सभी काउंटीज़ में उपलब्ध

**UnitedHealthcare** | **1-800-941-4647 • TTY/TDD 711** | **www.uhccommunityplan.com**

**UnitedHealthcare Community Plan ( सामुदायिक प्लान)** में, हम लोगों की बेहतर स्वस्थ जीवन जीने में सहायता करते हैं। हमने NJ में उस मिशन को डिलीवर करने के लिए 1989 से कड़ी मेहनत की है।

### लाभ जो आपको चाहिए

- प्रत्येक सदस्य के लिए प्राथमिक देखभाल चिकित्सक
- दंत सफाई, चेक-अप, और दंत संबंधी उपचार आदि
- नेत्र परीक्षण और चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस
- प्रत्येक आयु समूह के लिए उपयुक्त निवारक देखभाल, जैसे टीकाकरण, कल्याण मुलाकातें, डायबिटिक, अस्थमा और हृदय की देखभाल
- अपने दंत चिकित्सक, प्रसूति रोग विशेषज्ञ से मुलाकात करने, मैमोग्राम तय करने या आंखों की सामान्य देखभाल के लिए किसी रैफ़रल की ज़रूरत नहीं है
- देखभाल प्रबंधन के अंतर्गत स्वास्थ्य जानकारी प्रदान की जाती है और अपनी देखभाल और सेवाओं का प्रबंधन करने में आपकी सहायता उपलब्ध कराई जाती है

### वह अतिरिक्त सहायता जिसकी आपको अपेक्षा है

- **Nurse Advice Line (नर्स सलाह लाइन)** - 24/7 नर्स से संपर्क करें, हर दिन
- **सदस्य सेवाएँ** 24/7 उपलब्ध, हर दिन
- गर्भवती सदस्यों, नई माताओं और उनके बच्चों के लिए **हैल्दी फर्स्ट स्टेप्स** प्रोग्राम
- उन लोगों के लिए **FIDESNP** प्लान विकल्प, जिनके पास Medicare और Medicaid कवरेज है
- **प्रबंधित दीर्घकालिक सेवाएं तथा सहायता -** प्रोग्राम में कमजोर, बुजुर्ग, और विकलांग व्यक्तियों को सेवाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिसमें पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल लाभ (डॉक्टर से मुलाकात, अस्पताल में रहना, प्रयोगशालाएं) और दीर्घकालिक सेवा और सहायता (दैनिक जीवन गतिविधियों के साथ घर या समुदाय में सहायता प्रदान करना) को शामिल किया जाता है।

Wellpoint

सभी काउंटीज़ में उपलब्ध

**Wellpoint** | **1-877-453-4080 • TTY 711** | **www.wellpoint.com/nj/medicaid**

**Wellpoint (पूर्व में Amerigroup) ने 1996 से NJ FamilyCare के सदसयों की गवर से सेवा की है और हम समझते हैं कि आप अपने सवास्थय पलान से कया उममीदें रखते हैं।** आइए हम आपको अपने लाभों से सबसे अधिक लाभ हासिल करने में मदद करते हैं।

### लाभ जो आपको चाहिए

**किसी रैफ़रल की ज़रूरत नहीं है:** हमारे किसी भी नेटवर्क के प्रदाता से मिलें, जो केवल प्राथमिक देखभाल, दंत चिकित्सक और प्रसूति विशेषज्ञ तक सीमित नहीं हैं।

**24 घंटे नर्स हेल्पलाइन:** दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन नर्स से चिकित्सा सलाह और जान प्राप्त करें । 833-731-2147 (TTY 711)

**आंख और दांतों संबंधी लाभ:** सामान्य निवारक विज़न और दंत चिकित्सा देखभाल प्राप्त करें, जिसमें योग्यता प्राप्त सदस्यों के लिए कॉन्टैक्ट लेंस के लिए $100 क्रेडिट, चुनिंदा फ्रेम आदि प्रदान किया जाता है।

**विशेष आवश्यकताएं देखभाल प्रबंधन:** विशेष जरूरतों वाले सभी सदस्यों के लिए, देखभाल के व्यक्तिगत प्लान में सहायता करने के लिए देखभाल प्रबंधक उपलब्ध रहता है।

**प्रिस्क्रिप्शन ड्रग कवरेज:** दवा के लिए आपको अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखना होगा और बिना प्रिस्क्रिप्शन की (OTC) दवाओं के लिए $15 हर तिमाही में प्रदान किए जाते हैं।

### अतिरिक्त सेवाएं जो आप चाहते हैं

**स्वस्थ रिवार्ड्स:** अनुशंसित स्वास्थ्य जांच और कल्याण गतिविधियों को पूरा करने के लिए उपहार कार्ड, जैसे: बच्चों के लिए लीड स्क्रीनिंग, फ्लू शॉट्स, और डायबिटीज़ सेवाएँ, जैसे वार्षिक डायलेटेड नेत्र परीक्षण और हीमोग्लोबिन ए1सी (A1c) परीक्षण।

**माताओं के लिए अतिरिक्त सहायता:** गर्भावस्था, प्रसव, और आपके शिशु के पहले कुछ महीनों में आपकी सहायता के लिए प्रोग्राम। स्ट्रोलर्स, कार सीटों आदि के लिए स्वस्थ रिवार्ड्स पाएं।

**मुफ्त ऑनलाइन संसाधन:** सदस्यों के लिए, भोजन, नौकरी, आवास, कानूनी सलाह और अन्य चीजों को खोजने में सहायता प्रदान करना जिनकी आपको समुदाय में ज़रूरत हो सकती है।

**सामुदायिक देखभाल संसाधन केंद्र** जहां आप आकर अपने लाभ, सामुदायिक प्रोग्रामों और सेवाओं के बारे में अधिक जानने के लिए व्यक्तिगत रूप से Wellpoint प्रतिनिधि से बात कर सकते हैं, और अपने प्रश्नों का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं।